INTERMEDIATE EXAM
PAPER-4
Cost & Management Accounting

# UMS2(H)

11 SEP 2025

Roll No. ..........................

Total No. of Questions – **6**

Total No. of Printed Pages – **24**

Maximum Marks – **70**

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to MCQs in Part I are to be marked on the OMR answer sheet as given on the cover page of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the same descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the cover page of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. **The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive answer book.**
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit the descriptive answer book with OMR cover page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the descriptive answer book.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators or having / using mobile phone or smart watch or any other electronic gadget will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

---

**PART – II** **70 Marks**

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

## PART – II

1. (a) RST Ltd. manufactures a standard line of office desks. The company operates with a monthly manufacturing capacity of 5,000 units. The following data relates to the output and cost of two consecutive months of production : 5

| Month | Units Manufactured | Direct Material (₹) | Direct Wages (₹) | Factory Overheads (₹) |
|---|---|---|---|---|
| April | 3,000 | 15,00,000 | 6,00,000 | 3,50,000 |
| May | 3,800 | 19,00,000 | 7,60,000 | 4,30,000 |

In the month of June, the number of units manufactured will be 4,000 units. However, the prices of direct material will increase by 10% and direct wages will increase by 15%. The fixed factory overheads will reduce by 20%.

The company desires to earn a profit of 11% on selling price.

Calculate the selling price per desk in the month of June when the monthly output is 4,000 units.

(b) The following information relates to two workers - Ajoy and Bijoy who are engaged in producing the same product by using the same material : 5

| | |
|---|---|
| Time allowed to make the product : | 40 hours |
| Actual time taken to complete the product | 32 hours by Ajoy<br>30 hours by Bijoy |
| Normal Wage Rate | Same for both |
| Bonus payment plan | Halsey 50% plan for Ajoy<br>Rowan plan for Bijoy |
| Factory overhead recovered | @ ₹ 360 per hour for actual time taken by each worker. |
| Factory cost for the product for each worker | ₹ 1,24,800 Ajoy<br>₹ 1,24,800 Bijoy |

**Required** :

(i) Compute the normal hourly wage rate.

(ii) Compute the cost of material used.

(c) MD Limited has furnished following information for the month of August, 2025 : 4

| | |
|---|---|
| Standard Variable Overhead rate | ₹ 3 per hour |
| Standard Hours for per unit of production | 5 hours |
| Actual Output | 15,560 units |
| Variable Overhead Efficiency Variance | ₹ 11,400 (F) |
| Variable Overhead Expenditure Variance | ₹ 37,000 (A) |
| Standard Fixed Overhead rate | ₹ 2 per hour |
| Actual Fixed Overheads | ₹ 1,85,000 |

**You are required to calculate :**

(i) Actual Hours

(ii) Actual Variable Overhead rate per hour

(iii) Variable Overhead Cost Variance

(iv) Fixed Overhead Cost Variance

2. (a) XYZ Highway Toll Plaza Limited operates a toll plaza on a 100 km highway and collects tolls from vehicles passing through the plaza. The company has estimated that every year a total of 60 lakh vehicles (60% Passenger vehicles, 15% Heavy Commercial Vehicles and rest are Buses) will be using the highway during the 15 years toll collection tenure. 10

Toll Operating and Maintenance cost for the month (30 days in a month) are as follows :

(1) **Personnel Costs (Salaries) :**

**Collection Personnel :**

- Number of shifts : 3
- Number of toll collection personnel per shift : 10
- Salary per day per person : ₹ 800

**Supervisors :**

- Number of shifts : 2
- Number of supervisors per shift : 3
- Salary per day per supervisor : ₹ 1,200

**Security Personnel :**

- Number of shifts : 3
- Number of security personnel per shift : 10
- Salary per day per security person : ₹ 500

**Toll Plaza Manager :**

- Number of shifts : 2
- Number of managers per shift : 1
- Salary per day per manager : ₹ 2,000

(2) **Other Annual costs :**

| | |
|---|---|
| Electricity | ₹ 14,40,000 |
| Telephone & Communication Cost | ₹ 2,40,000 |
| Maintenance Cost | ₹ 60,00,000 |
| Depreciation and amortization | ₹ 12,00,00,000 |
| Insurance and safety cost | ₹ 15,00,000 |
| Interest expense incurred for servicing term loans | ₹ 7,83,48,000 |

The toll rate per vehicle is to be fixed as under :

| | |
|---|---|
| Heavy commercial vehicles | 500% of toll rate for Passenger vehicle |
| Bus | 400% of toll rate for Passenger vehicle |

**Required :**

(i) Calculate the total cost per month for the toll plaza.

(ii) The company aims to achieve a 20% profit margin over total takings. Calculate the toll rate to be charged for each type of vehicle. (Assume a 360 days year.)

(b) A factory has three production departments, $P_1$, $P_2$, $P_3$ and two service departments $S_1$ and $S_2$. Both the service departments are independent and provide services to each other. Following is the detail of expenses of each service department : 4

| **Department** | **Amount (₹)** |
|---|---|
| $S_1$ | 1,60,000 |
| $S_2$ | 2,40,000 |

Further the expenses of department $S_1$ and $S_2$ are apportioned on the following basis :

| | $P_1$ | $P_2$ | $P_3$ | $S_1$ | $S_2$ |
|---|---|---|---|---|---|
| $S_1$ | 25% | 35% | 20% | - | 20% |
| $S_2$ | 35% | 30% | 25% | 10% | - |

You are required to apportion the expenses of departments $S_1$ and $S_2$ to production departments $P_1$, $P_2$ and $P_3$ using Simultaneous Equation Method.

3. (a) A consultancy firm provides project management service in three sectors - Technology, Healthcare and Education. The Project management service covers development and implementation of software for various MIS requirements of its clients. The fees charged per project is as follows : 8

Technology : ₹ 90,000

Healthcare : ₹ 1,20,000

Education : ₹ 1,10,000

The company uses Activity-Based Costing (ABC) to allocate its overhead costs. For the month of August 2025, the following informations are provided :

| Service Sector | Number of Projects | Software Development Hours | Consulting Hours | Number of Client Meetings |
|---|---|---|---|---|
| Technology | 20 projects | 10,000 hours | 6,400 hours | 30 |
| Healthcare | 10 projects | 7,000 hours | 5,600 hours | 20 |
| Education | 10 projects | 5,000 hours | 2,000 hours | 40 |

**Overhead Costs and Activities :**

| Activity | Total Cost (₹) | Cost Driver |
|---|---|---|
| Management of Projects | 8,10,000 | Number of projects |
| Consulting Service Delivery | 4,20,000 | Consulting hours |
| Client Interaction & Meetings | 6,30,000 | Number of client meetings |
| Administration and Support | 15,40,000 | Software development hours |

**You are required to :**

(i) Prepare a statement showing the total cost and per project cost of project management service for each service sector – Technology, Healthcare and Education using Activity Based Costing Approach.

(ii) Identify the most profitable sector based on profitability percentage on fees charged.

(b) SM Limited is the manufacturer of the two products A & B. The following particulars are extracted from the records of the company : 6

| | A | B |
|---|---|---|
| Maximum Capacity | 5,000 units | 3,500 units |
| Selling price per unit | ₹ 1,000 | ₹ 1,500 |
| Cost per unit : | | |
| Raw Material @ ₹ 20 per kg | ₹ 200 | ₹ 400 |
| Wages @ ₹ 10 per hour | ₹ 150 | ₹ 100 |
| Direct Expenses | ₹ 200 | ₹ 300 |
| Variable overhead | ₹ 80 | ₹ 120 |

The total fixed overhead for product A is ₹ 2,50,000 and for product B is ₹ 3,50,000.

The company manufactures both the products using the same grade of material. The company is facing a constraint of raw material which is available in limited quantity of 1,10,000 kgs only.

**Required :**

Determine the optimum product mix, considering material as the limiting factor, to generate maximum profit and calculate the maximum profit.

4. (a) SVS Limited manufactures a single product 'A1'. The company has estimated its quarter-wise sales for the next year as follows : 9

| Quarter | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| Sales (Units) | 72,000 | 90,000 | 99,000 | 1,08,000 |

In the beginning of the year, the opening stock of finished goods is 14,400 units and the company expects to maintain the closing stock of finished goods at 29,400 units at the end of the year. The production pattern in each quarter is based on 80% of the sales of the current quarter and 20% of the sales of the next quarter. The company maintains this 20% of sales of next quarter as closing stock of current quarter.

The opening stock of raw materials in the beginning of the year is 24,000 kgs and the closing stock at the end of the year is required to be maintained at 12,000 kgs. Each unit of finished output requires 2 kgs of raw material. The production time required to produce one unit of product 'A1' is 5 hours.

During the production, the product uses two machines as under :

| Product | Machine A | Machine B | Total |
|---|---|---|---|
| A1 | 2 hours | 3 hours | 5 hours |

Machine A requires 100 hours of maintenance after a use of 5000 hours and Machine B requires 100 hours of maintenance after use of 3000 hours.

**Required :**

(i) Prepare quarter-wise Production Budget (in units) and the Raw Material Consumption budget (in quantity) for the next year.

(ii) Calculate total machine hours including maintenance time required during the year for Machine A and Machine B to manufacture product 'A1'.

(b) Sundar Limited maintains its Cost Accounting System on the basis of Non-Integral System of Accounting. The following transactions arose during the month of August, 2025 :

| Particulars | Amount (₹) |
|---|---|
| Materials purchased on credit | 10,25,000 |
| Materials issued to production (Direct) | 5,55,000 |
| Direct Wages allocated to production | 3,00,000 |
| Factory Overheads over-absorbed | 2,20,000 |
| Administration Overheads under-absorbed | 1,40,000 |

**Required:**

Journalize the above-mentioned transactions in Cost Books maintained on Non-Integrated System of Accounting.

5. (a) TS Limited is suffering from material deterioration and finds that their valuable stocks are not properly stored. The company furnishes following information :

| Serial No. | Material Name | Units | Total Cost (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | MA | 54,105 | 14,855 |
| 2 | MB | 32,300 | 12,823 |
| 3 | MC | 28,600 | 13,972 |
| 4 | MD | 10,250 | 47,685 |
| 5 | ME | 23,410 | 39,015 |
| 6 | MF | 2,580 | 1,08,260 |
| 7 | MG | 8,900 | 89,410 |
| 8 | MH | 4,855 | 98,980 |

Store-keeper of the company argues that he has taken proper care in storing three types of material named MA, MB and MC as they are in bulk quantity. He further argues that only a few units of material MG and MH has been deteriorated due to bad weather.

The management of TS Limited wants to get him aware about value of different items.

**Required :**

Rank the materials and draw a plan of ABC selective control by using the following basis of selective control.

| | |
|---|---|
| ₹ 50,000 & above | 'A' category items |
| ₹ 15,000 to ₹ 50,000 | 'B' category items |
| Below ₹ 15,000 | 'C' category items |

(b) A company manufactures electronic gadgets and uses a specialized component. The company incurs an ordering cost of ₹ 1,250 per order. The carrying cost for storing the specialized components is ₹ 25 per unit per annum. The company's annual production is 90,000 gadgets, and each gadget requires one component for its assembly. 3

**You are required to calculate :**

(i) Economic Order Quantity

(ii) Number of orders to be placed in a year

(c) Complete the table regarding accounting entries pertaining to Over/Under absorption of overheads : 3

| Absorption of overhead | Accounts | Dr/Cr | Calculation of Amount Formula |
|---|---|---|---|
| Under-absorption | Stock of Finished goods Account | | |
| Over-absorption | Stock of Semi-finished goods (WIP) Account | | |
| Under-absorption | Cost of Sales Account | | |

6. (a) Define Responsibility Centre and discuss the types of Responsibility Centres. 5

(b) List the advantages of Job Costing. 5

(c) List the important factors which need consideration for controlling employee costs. 4

**OR**

(c) Discuss the uses of Bill of Material in the following departments : 4

(i) Marketing (Purchase) Department

(ii) Production Department

(iii) Stores Department

(iv) Cost/Accounting Department

भाग – II

**(Hindi Version)**

1. (a) RST लिमिटेड कार्यालय मेज (office desks) की एक मानक लाइन निर्मित करती है। कम्पनी 5,000 इकाइयों की मासिक निर्माण क्षमता पर कार्य करती है। निम्न आँकड़े दो अनुवर्ती माह के उत्पादन एवं लागत से संबंधित हैं : 5

| माह | निर्मित इकाइयाँ | प्रत्यक्ष सामग्री (₹) | प्रत्यक्ष मजदूरी (₹) | कारखाना उपरिव्यय (₹) |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल | 3,000 | 15,00,000 | 6,00,000 | 3,50,000 |
| मई | 3,800 | 19,00,000 | 7,60,000 | 4,30,000 |

जून माह में, निर्मित इकाइयों की संख्या 4,000 इकाई होगी। प्रत्यक्ष सामग्री का मूल्य 10% बढ़ गया है तथा प्रत्यक्ष मजदूरी में 15% की वृद्धि हुई है। स्थायी कारखाना उपरिव्यय 20% कम हो गये हैं।

कम्पनी विक्रय मूल्य पर 11% लाभ अर्जित करने की इच्छुक है।

जून माह के लिए, जबकि 4,000 इकाइयों का उत्पादन होता है, प्रति मेज (डेस्क) विक्रय मूल्य की गणना कीजिए।

(b) निम्नलिखित सूचनाएँ दो श्रमिकों – अजय और बिजय जो एक समान सामग्री का प्रयोग कर एक ही प्रकार के उत्पाद के उत्पादन में लगे हुए हैं : 5

| | |
|---|---|
| उत्पाद के निर्माण के लिए अनुमत समय | 40 घण्टे |
| उत्पाद को पूर्ण करने में लगा वास्तविक समय | अजय के द्वारा – 32 घण्टे<br>बिजय के द्वारा – 30 घण्टे |
| सामान्य मजदूरी दर | दोनों ही श्रमिकों के लिए एक समान |
| बोनस भुगतान योजना | अजय के लिए हाल्से (50%) योजना<br>बिजय के लिए रोवन योजना |
| कारखाना उपरिव्यय वसूली | प्रत्येक श्रमिक के द्वारा लिए गये वास्तविक समय के लिए ₹ 360 प्रति घण्टा |
| प्रत्येक श्रमिक के लिए उत्पाद की कारखाना लागत | ₹ 1,24,800 अजय के लिए<br>₹ 1,24,800 बिजय के लिए |

अपेक्षित :

(i) सामान्य प्रति घण्टा मजदूरी दर की गणना कीजिए।

(ii) प्रयुक्त सामग्री की लागत की गणना कीजिए।

(c) MD लिमिटेड ने अगस्त, 2025 माह के लिए निम्नलिखित सूचनाएँ प्रस्तुत की हैं : 4

| | |
|---|---|
| मानक परिवर्तनशील उपरिव्यय दर | ₹ 3 प्रति घंटा |
| प्रति इकाई उत्पादन के लिए मानक घंटे | 5 घंटे |
| वास्तविक उत्पादन | 15,560 इकाइयाँ |
| परिवर्तनशील उपरिव्यय दक्षता भिन्नता | ₹ 11,400 (F) |
| परिवर्तनशील उपरिव्यय व्यय भिन्नता | ₹ 37,000 (A) |
| मानक स्थायी उपरिव्यय दर | ₹ 2 प्रति घंटा |
| वास्तविक स्थायी उपरिव्यय | ₹ 1,85,000 |

आपसे गणना अपेक्षित है :

(i) वास्तविक घंटे

(ii) वास्तविक परिवर्तनशील उपरिव्यय प्रति घंटा दर

(iii) परिवर्तनशील उपरिव्यय लागत भिन्नता

(iv) स्थायी उपरिव्यय लागत भिन्नता

2. (a) XYZ हाईवे टोल प्लाजा लिमिटेड 100 कि.मी. के हाईवे पर एक टोल प्लाजा संचालित करती है तथा प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों से टोल का संग्रहण करती है । कम्पनी ने यह अनुमानित किया है कि 15 वर्ष की टोल संग्रहण अवधि के दौरान, प्रत्येक वर्ष 60 लाख वाहन (60% यात्री वाहन, 15% भारी वाणिज्यिक वाहन तथा शेष बसें) हाईवे का उपयोग करेंगे । 10

एक माह के लिए टोल संचालन एवं अनुरक्षण लागतें (एक माह में 30 दिन) निम्नवत् हैं :

(1) **कार्मिक लागतें (वेतन) :**

**संग्राहक कार्मिक :**

- पाली (shifts) की संख्या : 3
- प्रति पाली टोल संग्राहक कार्मिकों की संख्या : 10
- प्रति कार्मिक दैनिक वेतन : ₹ 800

**पर्यवेक्षक :**

- पाली (shifts) की संख्या : 2
- प्रति पाली पर्यवेक्षकों की संख्या : 3
- प्रति पर्यवेक्षक दैनिक वेतन : ₹ 1,200

**सुरक्षा कार्मिक :**

- पाली (shifts) की संख्या : 3
- प्रति पाली सुरक्षा कार्मिकों की संख्या : 10
- प्रति सुरक्षा कार्मिक दैनिक वेतन : ₹ 500

**टोल प्लाजा प्रबंधक :**

- पाली (shifts) की संख्या : 2
- प्रति पाली प्रबंधकों की संख्या : 1
- प्रति प्रबंधक दैनिक वेतन : ₹ 2,000

(2) अन्य वार्षिक लागतें :

| | |
|---|---|
| विद्युत | ₹ 14,40,000 |
| टेलीफोन एवं संचार लागत | ₹ 2,40,000 |
| अनुरक्षण लागत | ₹ 60,00,000 |
| ह्रास एवं परिशोधन | ₹ 12,00,00,000 |
| बीमा एवं सुरक्षा लागत | ₹ 15,00,000 |
| सावधि ऋण अदायगी पर ब्याज व्यय | ₹ 7,83,48,000 |

प्रति वाहन टोल दर निम्न प्रकार से तय की जानी है :

| | |
|---|---|
| भारी वाणिज्यिक वाहन | यात्री वाहन के टोल की दर का 500% |
| बस | यात्री वाहन के टोल की दर का 400% |

**अपेक्षित :**

(i) टोल प्लाजा की प्रति माह कुल लागत की गणना कीजिए ।

(ii) कम्पनी टोटल टेकिंग (Total Takings) पर 20% लाभ मार्जिन प्राप्त करने का लक्ष्य रखती है । प्रत्येक प्रकार के वाहन पर प्रभारित किये जाने वाले टोल दर की गणना कीजिए । (एक वर्ष में 360 दिन मानिए ।)

(b) एक कारखाने में तीन उत्पादन केन्द्र – $P_1$, $P_2$, $P_3$ और दो सेवा केन्द्र – $S_1$ व $S_2$ हैं। दोनों सेवा केन्द्र स्वतंत्र हैं और एक दूसरे को सेवाएँ प्रदान करते हैं। प्रत्येक सेवा विभाग के व्ययों का विवरण निम्नवत् है : 4

| विभाग | धनराशि (₹) |
|---|---|
| $S_1$ | 1,60,000 |
| $S_2$ | 2,40,000 |

पुनः $S_1$ और $S_2$ विभाग के व्ययों का नियोजन निम्नलिखित आधार पर होता है :

| | $P_1$ | $P_2$ | $P_3$ | $S_1$ | $S_2$ |
|---|---|---|---|---|---|
| $S_1$ | 25% | 35% | 20% | – | 20% |
| $S_2$ | 35% | 30% | 25% | 10% | – |

आपसे, युगपद समीकरण विधि का प्रयोग करते हुए $S_1$ और $S_2$ विभाग के व्ययों को उत्पादन विभागों – $P_1$, $P_2$ एवं $P_3$ में अभिभाजित करने की अपेक्षा है।

3. (a) एक परामर्शदात्री संस्था तीन क्षेत्रों – तकनीकी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में प्रोजेक्ट प्रबंधन सेवा प्रदान करती है। प्रोजेक्ट प्रबंधन सेवा में ग्राहक (Clients) की विभिन्न MIS आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सॉफ्टवेयर के विकास एवं उसे लागू करने की सेवा सम्मिलित है। प्रति प्रोजेक्ट प्रभारित किया जाने वाला शुल्क निम्नवत् है : 8

तकनीकी : ₹ 90,000

स्वास्थ्य सेवा : ₹ 1,20,000

शिक्षा : ₹ 1,10,000

कम्पनी उपरिव्यय लागतों का वितरण करने के लिए गतिविधि-आधारित लागत विधि (ABC) का प्रयोग करती है। अगस्त 2025 माह के लिए निम्न सूचनाएँ उपलब्ध हैं :

| सेवा क्षेत्र | प्रोजेक्ट की संख्या | सॉफ्टवेयर विकास घंटे | परामर्श घंटे | ग्राहक के साथ बैठकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| तकनीकी | 20 प्रोजेक्ट | 10,000 घंटे | 6,400 घंटे | 30 |
| स्वास्थ्य सेवा | 10 प्रोजेक्ट | 7,000 घंटे | 5,600 घंटे | 20 |
| शिक्षा | 10 प्रोजेक्ट | 5,000 घंटे | 2,000 घंटे | 40 |

**उपरिव्यय लागतें एवं गतिविधियाँ :**

| गतिविधि | कुल लागत (₹) | लागत चालक |
|---|---|---|
| प्रोजेक्ट का प्रबंधन | 8,10,000 | प्रोजेक्ट की संख्या |
| परामर्श सेवा सुपुर्दगी | 4,20,000 | परामर्श के घंटे |
| ग्राहक संबंध एवं बैठकें | 6,30,000 | ग्राहक के साथ बैठकों की संख्या |
| प्रशासन एवं सेवाएँ | 15,40,000 | सॉफ्टवेयर विकास के घंटे |

**आपसे अपेक्षित है :**

(i) गतिविधि-आधारित लागत विधि (ABC) का प्रयोग करते हुए प्रत्येक सेवा क्षेत्र – तकनीकी, स्वास्थ्य सेवा एवं शिक्षा के लिए प्रोजेक्ट प्रबंधन सेवा की प्रति प्रोजेक्ट लागत तथा कुल लागत ज्ञात कीजिए।

(ii) प्रभारित शुल्क पर लाभदायकता के प्रतिशत के आधार पर सर्वाधिक लाभदायक क्षेत्र की पहचान कीजिए।

(b) SM लिमिटेड दो उत्पादों A और B की निर्मात्री है । कम्पनी के अभिलेखों से निम्न विवरण प्राप्त किये गये हैं : 6

| | A | B |
|---|---|---|
| अधिकतम क्षमता | 5,000 इकाइयाँ | 3,500 इकाइयाँ |
| प्रति इकाई विक्रय मूल्य | ₹ 1,000 | ₹ 1,500 |
| प्रति इकाई लागत : | | |
| कच्ची सामग्री ₹ 20 प्रति कि.ग्रा. की दर पर | ₹ 200 | ₹ 400 |
| मजदूरी ₹ 10 प्रति घंटा की दर पर | ₹ 150 | ₹ 100 |
| प्रत्यक्ष व्यय | ₹ 200 | ₹ 300 |
| परिवर्तनशील उपरिव्यय | ₹ 80 | ₹ 120 |

उत्पाद A के लिए कुल स्थायी उपरिव्यय ₹ 2,50,000 है और उत्पाद B के लिए ₹ 3,50,000 है ।

कम्पनी दोनों उत्पादों का उत्पादन समान श्रेणी की सामग्री का प्रयोग करते हुए करती है । कम्पनी कच्ची सामग्री के अवरोध का सामना कर रही है जो 1,10,000 कि.ग्रा. की सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है ।

**अपेक्षित :**

सामग्री को सीमित तत्त्व (Limiting factor) मानते हुए, अधिकतम लाभ अर्जन हेतु अनुकूलतम उत्पाद-मिश्रण निर्धारित कीजिए तथा अधिकतम लाभ की गणना कीजिए ।

4. (a) SVS लिमिटेड एक एकाकी उत्पाद 'A1' का निर्माण करती है। कम्पनी ने आगामी वर्ष के लिए तिमाही विक्रय को निम्नवत् अनुमानित किया है : 9

| तिमाही | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| विक्रय (इकाइयाँ) | 72,000 | 90,000 | 99,000 | 1,08,000 |

वर्ष के प्रारम्भ में तैयार माल का प्रारम्भिक रहतिया 14,400 इकाई है तथा कम्पनी वर्ष के अंत में 29,400 इकाइयों के तैयार माल का अंतिम रहतिया बनाये रखने की आशा रखती है। प्रत्येक तिमाही में उत्पादन का तरीका – वर्तमान तिमाही के विक्रय के 80% तथा आगामी तिमाही के विक्रय के 20% पर आधारित है। कम्पनी आगामी तिमाही के विक्रय की इस 20% की मात्रा को वर्तमान तिमाही के अंतिम रहतिये के रूप में रखती है।

वर्ष के प्रारम्भ में कच्ची सामग्री का प्रारम्भिक रहतिया 24,000 कि.ग्रा. है तथा वर्ष के अंत में 12,000 कि.ग्रा. का अंतिम रहतिया बनाये रखना अपेक्षित है। तैयार माल की प्रत्येक इकाई के लिए 2 कि.ग्रा. कच्ची सामग्री अपेक्षित है। उत्पाद 'A1' की एक इकाई को उत्पादित करने के लिए अपेक्षित उत्पादन समय 5 घण्टे हैं।

उत्पादन के दौरान; दो मशीनों का उपयोग निम्नवत् करता है :

| उत्पाद | मशीन A | मशीन B | योग |
|---|---|---|---|
| A1 | 2 घण्टा | 3 घण्टा | 5 घण्टा |

मशीन A, 5000 घंटे के उपयोग के बाद 100 घंटे की आवश्यकता अनुरक्षण के लिए रखती है तथा मशीन B, 3000 घंटे के उपयोग के बाद 100 घंटे की आवश्यकता अनुरक्षण के लिए रखती है।

**अपेक्षित :**

(i) आगामी वर्ष की प्रत्येक तिमाही के लिए उत्पादन बजट (इकाइयों में) तथा कच्ची सामग्री उपभोग बजट (मात्रा में) तैयार कीजिए।

(ii) वर्ष के दौरान उत्पाद 'A1' के निर्माण के लिए मशीन A और मशीन B के लिए वांछित कुल मशीन घंटे, अनुरक्षण समय को सम्मिलित करते हुए, की गणना कीजिए।

(b) सुंदर लिमिटेड गैर–एकीकृत लेखांकन प्रणाली के आधार पर अपनी लागत लेखांकन प्रणाली को बनाती है। माह अगस्त, 2025 के दौरान निम्नलिखित लेनदेन किये गये : 5

| विवरण | धनराशि (₹) |
|---|---|
| सामग्री का उधार क्रय | 10,25,000 |
| उत्पादन हेतु सामग्री निर्गत (प्रत्यक्ष) | 5,55,000 |
| उत्पादन हेतु प्रत्यक्ष मजदूरी आबंटित | 3,00,000 |
| कारखाना उपरिव्यय अधि-अवशोषित | 2,20,000 |
| प्रशासनिक उपरिव्यय न्यून-अवशोषित | 1,40,000 |

**अपेक्षित :**

गैर–एकीकृत लेखांकन प्रणाली के आधार पर उपरिलिखित लेनदेनों का लागत पुस्तकों में जर्नल लेख (रोजनामचा) लिखिए।

5. (a) TS लिमिटेड सामग्री के क्षरण से गुजर रही है और यह ज्ञात करती है कि उसके महत्त्वपूर्ण स्टॉक उचित रूप से स्टोर्स में नहीं रखे जाते हैं। कम्पनी निम्नलिखित सूचनाएँ प्रस्तुत करती है : 8

| क्रम सं. | सामग्री का नाम | इकाइयाँ | कुल लागत (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | MA | 54,105 | 14,855 |
| 2 | MB | 32,300 | 12,823 |
| 3 | MC | 28,600 | 13,972 |
| 4 | MD | 10,250 | 47,685 |
| 5 | ME | 23,410 | 39,015 |
| 6 | MF | 2,580 | 1,08,260 |
| 7 | MG | 8,900 | 89,410 |
| 8 | MH | 4,855 | 98,980 |

कम्पनी के स्टोर कीपर का तर्क है कि उसने तीन प्रकार की सामग्री – MA, MB और MC, जो कि बड़ी मात्रा में हैं, के भंडारण में उचित ध्यान रखा है। वह पुनः तर्क करता है कि सामग्री MG और MH की कुछ इकाइयाँ, खराब मौसम के कारण क्षयित हुई हैं।

TS लिमिटेड का प्रबंधन उन्हें विभिन्न मदों के मूल्य के बारे में अवगत कराना चाहता है।

**अपेक्षित :**

निम्नलिखित, चयनात्मक नियंत्रण आधार का प्रयोग करते हुए, सामग्री का श्रेणीयन कीजिए और ABC चयनात्मक नियंत्रण की योजना बनाइए।

| | |
|---|---|
| ₹ 50,000 व अधिक | 'A' श्रेणी मदें |
| ₹ 15,000 से ₹ 50,000 | 'B' श्रेणी मदें |
| ₹ 15,000 से कम | 'C' श्रेणी मदें |

(b) एक कम्पनी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का उत्पादन करती है और एक विशिष्ट भाग (component) का उपयोग करती है। कम्पनी प्रति आदेश ₹ 1,250 की आदेश लागत का भुगतान करती है। विशिष्ट भाग के भंडारण की वहन लागत ₹ 25 प्रति इकाई प्रति वर्ष है। कम्पनी का वार्षिक उत्पादन 90,000 गैजेट्स है और प्रत्येक गैजेट्स की एसेम्बली के लिए एक भाग (component) की आवश्यकता होती है। 3

**आपसे गणना करने की अपेक्षा है :**

(i) मितव्ययी आदेश मात्रा (EOQ)

(ii) एक वर्ष में दिये जाने वाले आदेशों की संख्या

(c) उपरिव्ययों के अधि/न्यून अवशोषण के लिए लेखांकन लेखों के संदर्भ में निम्न सारिणी को पूर्ण कीजिए : 3

| उपरिव्यय का अवशोषण | खाता | डेबिट या क्रेडिट | धनराशि की गणना का सूत्र |
|---|---|---|---|
| न्यून–अवशोषण | तैयार माल रहतिया खाता | | |
| अधि–अवशोषण | अर्द्ध–निर्मित माल (चालू कार्य) रहतिया खाता | | |
| न्यून–अवशोषण | विक्रय की लागत खाता | | |

6\. (a) उत्तरदायित्व केन्द्र को परिभाषित कीजिए तथा विभिन्न प्रकार के उत्तरदायित्व केन्द्रों की व्याख्या कीजिए। 5

(b) कार्य (Job) कॉस्टिंग के लाभों को सूचीबद्ध कीजिए। 5

(c) कर्मचारी लागत को नियंत्रित करने के लिए जिन मुख्य बातों पर विचार करने की आवश्यकता होती है, उनको सूचीबद्ध कीजिए। 4

**अथवा**

(c) निम्नलिखित विभागों में 'बिल ऑफ मटीरियल' के उपयोग की व्याख्या कीजिए : 4

(i) विपणन (क्रय) विभाग

(ii) उत्पादन विभाग

(iii) स्टोर्स विभाग

(iv) लागत/लेखांकन विभाग

---

**UMS2(H)**

रोल नं. ..............................

कुल प्रश्नों की संख्या – 6

कुल पृष्ठ – 24

अधिकतम अंक – 70

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र, जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. **उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर वर्णनात्मक प्रकार उत्तर-पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।**
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका मुख्य पृष्ठ सहित जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते अथवा मोबाइल फोन या स्मार्ट वॉच या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित/उपयोग करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

---

**भाग – II** **70 अंक**

1. भाग-**II** में **6** प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है तथा शेष **5** प्रश्नों में से किन्हीं **4** का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेंगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।